>

Title: Need to cover all BPL households under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Barmer Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर भारत-पाक सीमा पर स्थित है एवं अधिकांश लोग मरूस्थल में रहते हैं। बाड़मेर जिले में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य हो रहा है। एक सर्वे के मुताबिक अगर एक घर में बिजली लगा दी जाती है तो आस पास के गांवों में विद्युतीकरण मान लिया जाता है। जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है। इन गांवों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास राष्ट्रीय विचारधारा के अनुसार नहीं हो पा रहा है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत गांवों में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है।

सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के सभी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के घरों का विद्युतीकरण किया जाए। राजस्थान के गरीब परिवारों को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का लाभ पहुंचा कर देश के साथ प्रगति करने का मौका दिया जाए।